मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 44 ■ अंक : 35 ■ शनिवार 11 अप्रैल 2026 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play | Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel | Subscribe

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

**अक्षय कुमार की झलक पाने को बेकाबू हुई भीड़**

# होटल में युवती की हत्या या आत्महत्या?

- **भाजपा नेता के नाम बुक था होटल का कमरा**
- **पुलिस जांच शुरू**








**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के एस3 पार्क होटल में एक युवती की आत्महत्या के बाद भाजपा के एक नेता का नाम सामने आने के बाद भी अंबरनाथ पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया है. शुक्रवार शाम में होटल के कमरे में लड़की सिमरन पाटिल का शव मिला था. उसने फांसी लगाकर आत्महत्या की थी. पुलिस ने बताया कि होटल का कमरा भाजपा के नेता भगवान लोटे के नाम पर बुक है. लोटे का शहर में ग्लोब बिजनेस पार्क में डिप्रो मैनेजमेंट कन्स्लटेंट नाम का आफिस है. उसी आफिस में सिमरन काम किया करती थी. ये भी जानकारी मिली है कि भगवान लोटे और सिमरन के बीच गत कुछ महिनों से अफेयर चल रहा था. कुछ दिनों से दोनों में दूरियां भी चल रही थी. इसी बीच गुरुवार को लोटे ने एस-3 पार्क के होटल में एक कमरा बुक कराया, जिसमें सिमरन का शव प्राप्त हुआ है.

पुलिस ने शक के आधार पर भगवान लोटे से रात 2.30 बजे तक पूछताछ करके उसे छोड़ दिया है. पुलिस का ये भी कहना है कि अगर सिमरन का कोई रिश्तेदार अगर शिकायत दर्ज कराता है तो उस पर से जांच की जाएगी. अब ये एक सस्पेंस बना हुआ है कि सिमरन की हत्या की गई है या उसने आत्महत्या की है. फोरेंसिक टी भी घटना स्थल पर पहुंच गई थी.

विदित हो कि भगवान लोटे ने अंबरनाथ नगर परिषद के चुनाव में वार्ड क्र. 8 से भाजपा के उम्मीदवार की हैसियत से शिवसेना के राजेंद्र वालेकर के मुकाबले में चुनाव लड़ा था, जिसमें लोटे हार गए थे.

# मतदाता सूची में संशोधन में लापरवाही पर दर्ज होगी FIR



- **उल्हासनगर मनपा में समीक्षा बैठक में निर्णय**

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार शहर में मतदाता सूचियाँ का विशेप गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) किया जा रहा है। अतिरिक्त आयुक्त धीरज चव्हाण ने कड़ी चेतावनी जारी करते हुए कहा कि इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले या संतोषजनक ढंग से कार्य न करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी।

मंगलवार (8 अप्रैल) को महासमा हॉल में उल्हासनगर मनपा आयुक्त डॉ. मनीषा अव्हाले के मार्गदर्शन में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में महत्वपूर्ण बिंदु और आदेश के तहसीलदार कल्याणी कदम ने आदेश दिया है कि मतदाता सूची के संपूर्ण संशोधन का शेप कार्य अगले दो दिनों में किसी भी परिस्थिति में पूरा किया जाए।

बैठक का समापन करते हुए सहायक आयुक्त अजय साबले ने कहा कि मतदाता सूची को अद्यतन करना एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण राष्ट्रीय कर्तव्य है। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से इस कार्य को पूरी गंभीरता और सटीकता के साथ करने की अपील की।

इस बैठक में अतिरिक्त आयुक्त धीरज चव्हाण, तहसीतादार कल्याणी कदम, सहायक आयुक्त और जनसंपर्क अधिकारी अजय साबले सहित सभी संबंधित अधिकारी और मतदाता केंद स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) उपस्थित थे।

**घर-घर जाकर जानकारी जुटाने पर जोर**

बीएलओ को सटीक जानकारी एकत्र करने के लिए प्रत्येक घर जाना चाहिए। मतदाताओं की तस्वीरों को ठीक करने, धुंधली छवियों को सुधारने और एकल नाम प्रविष्टियों (पीएसई) की जांच करने का काम प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश भी दिए गए। दोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई : बेहद खराब प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। अतिरिक्त आयुक्त ने स्पष्ट किया कि उनके खिलाफ तत्काल आपराधिक मामला दर्ज करने के साथ-साथ उनकी सेवा पुस्तिका में भी इसी तरह की प्रविष्टि की जाएगी।

# युवा नेता ओमी कालानी के नेतृत्व में उल्हासनगर का होगा कायापलट- निकम

- **जन्मदिन पर विशेष**





**उल्हासनगर।** उल्हासनगर शहर में काफी समय बाद कालानी राज लौटा है महापौर अश्विनी कमलेश निकम ने जबसे पदभार संभाला है तबसे कालानी अपने स्टाईल में शहर विकास कार्य में जुट गए हैं।

शिवसेना नेता कमलेश निकम ने पत्रकारों को बताया कि युवा नेता ओमी कालानी के नेतृत्व में उल्हासनगर शहर का कुछ ही समय में कायापलट देखने को मिलेगा। ओमी कालानी के जन्मदिवस पर श्री निकम ने कहा कि शहरवासियों ने जो भरोसा कालानी परिवार पर दिखाया है उसे पूरा करेंगे। शहर में जल्द ही विकास कार्य के दौरान बड़े परिवर्तन देखने को मिलेंगे। आगामी विधानसभा चुनाव से पूर्व शहर की कई समस्याओं को हल किया जाएगा। मूलभूत सुविधाओं से वंचित शहरवासियों को हर सुविधा दिलाने का कार्य पप्पू कालानी के मार्गदर्शन में ओमी कालानी के नेतृत्व में महापौर अश्विनी निकम कर रही है। पलायन करने वाले लोग भी शहर को विकसित होते देख वापस जाएंगे ऐसा विश्वास कमलेश निकम ने ओमी कालानी के जन्मदिन पर दिखाया है। पानी व सड़कें जैसी प्रमुख समस्या पर कार्य शुरू किए गए हैं और जल्द ही इसे समस्या से निजात दिलाने के लिए कालानी परिवार कटिबद्ध है।

## शातिर बाइक चोर गिरफ्तार

**कल्याण.** कल्याण पूर्व की कोलसेवाड़ी पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले एक शातिर चोर गिरफ्तार को गिरफ्तार कर उसके निशानदेही पर 10 दोपहिया वाहन बरामद किया है। कोलसेवाड़ी थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक हेमंत गुरव ने बताया कि क्षेत्र में वाहन चोरी की बढ़ती वारदात को देखते हुए पुलिस निरीक्षक (अपराध) गणेश न्हायदे की अगुवाई में अपराध को नियंत्रित करने के लिए एक विशेष टीम बनाई गई थी। 3 अप्रैल को विठ्ठलवाड़ी रेलवे स्टेशन के सामने दो संशयित युवक दिखाई दिए, जिसपर सुरेंद्र इंगले नामक पुलिसकर्मी की नजर पड़ी। चोरों के इस टोली में एक नाबालिग युवक भी शामिल था। जैसे ही ये युवक बाइक चोरी कर वहां से निकले पुलिस टीम ने उन्हें दबोच लिया। पकड़े गए शातिर चोर का नाम शुभम उर्फ शिवम संपत पठारे (24) बताया गया है.

# 'जनगणना 2027' के तहत क्षेत्रीय प्रशिक्षक के लिए ट्रेनिंग प्रोग्राम का सफल आयोजन



**उल्हासनगर.** भारत सरकार द्वारा लागू किए जा रहे बहुत ज़रूरी नेशनल प्रोजेक्ट 'जनगणना ऑफ़ इंडिया 2027' के पहले फ़ेज़ (HLO) की तैयारियां अब ज़ोरों पर शुरू हो गई हैं। जनगणना एक्ट, 1948 के सेक्शन 4, 5 और 7 और जनगणना रूल्स, 1990 के प्रोविज़न के अनुसार, क्षेत्रीय प्रशिक्षक (फील्ड ट्रेनर्स) को कानूनी तौर पर नियुक्त किया गया है। इस संबंध में, शुक्रवार को सिंधु भवन, उल्हासनगर-2 में क्षेत्रीय प्रशिक्षक के लिए एक खास ट्रेनिंग सेशन आयोजित किया गया। इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में, सभी नियुक्त क्षेत्रीय प्रशिक्षकों को मास्टर ट्रेनर्स (MT) द्वारा गहराई से गाइडेंस दिया गया। इस ट्रेनिंग का मुख्य मकसद एन्यूमरेटर्स और सुपरवाइज़र्स को ट्रेन करने के लिए फील्ड ट्रेनर्स की कैपेसिटी बनाना है।

### ट्रेनिंग की खास बातें और खास बातें:

**ट्रेनिंग सिस्टम:** यह ट्रेनिंग 'कैस्केड मॉडल' पर आधारित है, जिसमें फील्ड ट्रेनर्स को डिजिटल टेक्नोलॉजी और असल फील्ड वर्क की ट्रेनिंग दी जा रही है।

**डिजिटल एक्टिविटीज़:** ट्रेनिंग के दौरान, जनगणना मोबाइल ऐप (HLO मोबाइल ऐप) इस्तेमाल करने की प्रैक्टिकल और टेक्निकल बातें समझाई गईं।

**मैपिंग:** हाउस जनगणना (HLO) के लिए ज़रूरी हाउस लिस्ट और लेआउट मैप तैयार करने की डिटेल्ड ट्रेनिंग दी गई।

**डिसिप्लिन और ड्यूटी:** जनगणना के काम में हिस्सा लेने वाले सभी कर्मचारी 'पब्लिक सर्वेंट' हैं और इस बात पर ज़ोर दिया गया कि उनके लिए जनगणना की जानकारी की कॉन्फिडेंशियलिटी बनाए रखना और कानूनी ड्यूटीज़ का पालन करना ज़रूरी है।

ट्रेनिंग प्रोग्राम के लिए डिस्ट्रिक्ट और म्युनिसिपल लेवल पर सीनियर जनगणना ऑफिसर मौजूद थे। इस ट्रेनिंग के बाद, ये फील्ड ट्रेनर अब अपने-अपने एरिया में एन्यूमरेटर्स और सुपरवाइजर्स को गाइड करके नेशनल काम में योगदान देने के लिए तैयार हैं।

# "संगठन सृजन अभियान" के तहत कांग्रेस की बैठक




- **पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का जमावड़ा**

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में "संगठन सृजन अभियान" के तहत पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का जमावड़ा, प्रेस कॉन्फ्रेंस और मीटिंग जोश भरे माहौल में हुई। इंडियन नेशनल कांग्रेस ने पूरे देश में 'संगठन सृजन अभियान' चलाया है और महाराष्ट्र में यह अभियान पार्टी को ज़मीनी स्तर पर मज़बूत करने की दिशा में एक अहम कदम होगा।

इस जमावड़े में, नियुक्त ऑब्ज़र्वर ने ज़िला अध्यक्ष के चुनाव से लेकर महिला कांग्रेस, यूथ, सेवा दल, NSUI, सभी सेल, सभी फ्रंटल ऑर्गनाइज़ेशन और ब्लॉक अध्यक्षों के चुनाव तक हर चीज़ पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही अलग-अलग पदों के लिए फ़ॉर्म बांटे गए और उसके बाद हर पदाधिकारी से सीधा संवाद किया गया।

इस अभियान की वजह से उल्हासनगर शहर के कांग्रेस की विचारधारा को मानने वाले सभी नागरिकों को पार्टी में अलग-अलग पदों पर काम करने का मौका मिलेगा। इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस निरीक्षक डॉ. पलक वर्मा, महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस निरीक्षक बाबू नायर, महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस निरीक्षक अनीस इदरीसी और जिला अध्यक्ष रोहित साल्वी और सभी ब्लॉक अध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी उपस्थित थे।

# शिवसेना में शामिल हुए उबाठा के पदाधिकारी

- **उद्धव गुट के कई नेता शिंदे गुट में गए**
- **संगठन मजबूती पर जोर**



**उल्हासनगर.** कल्याण लोकसभा क्षेत्र की संगठनात्मक मजबूती को लेकर डोंबिवली में आयोजित बैठक में शिवसेना के भीतर बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया। इस दौरान शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट) के उल्हासनगर शहर प्रमुख कैलास तेजी सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) में शामिल हो गए। बैठक में सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने पदाधिकारियों से संवाद करते हुए संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनावों की तैयारी पर जोर दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं की समस्याएं और सुझाव भी सुने, जिससे कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा गया। इसी दौरान कैलास तेजी, उप शहर प्रमुख राजू माने, विभाग संयोजक निरंजन दास, महिला शहर संयोजक जया तेजी और कुसुम माने सहित कई पदाधिकारियों ने शिंदे गुट का दामन थाम लिया। यह प्रवेश उल्हासनगर महानगर प्रमुख राजेंद्र चौधरी के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम में विधायक डॉ. बालाजी किणीकर, राजेश मोरे, उप नेता रवींद्र फाटक सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इस घटनाक्रम के बाद कल्याण लोकसभा क्षेत्र में राजनीतिक समीकरण बदलने की संभावना जताई जा रही है।

# अंबरनाथ में बाइक सवार ने युवक को घसीटा

- **सीसीटीवी फुटेज वायरल**
- **पुलिस में अपराध दर्ज**

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में एक मामूली से झगड़े को लेकर एक बाइक सवार ने एक युवक को मडगार्ड से कुछ दूर तक अपनी बाइक से घसीटते हुए ले गया. ये घटना शुक्रवार दोपहर को शहर पूर्व में छत्रपति शिवाजी महाराज चौक के पास घटी है. इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है.

शिवाजी नगर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनसी अपराध दर्ज किया है. डोंबिवली के जोंधले महाविद्यालय में शिक्षा प्राप्त कर रहे प्रचित दुबे दोपहर में अपनी बाइक पार्किंग में से निकाल रहा था कि सामने से आती हुई एक बाइक को उसकी बाइक टकरा गई. आरोपी प्रचित को गाली गलौज करने लगा. प्रचित ने उसके बाइक का आगे का मडगार्ड पकड़ लिया. ये देखते हुए आरोपी ने अपनी बाइक चालू करके उसे घसीटते हुए श्रीरथ होटल तक ले गया. आगे एक रिक्शा को बाइक की ठक्कर लगने से बाइक रोकी गई. इस दुर्घटना में प्रचित के साथ ही रास्ते पर बैठे एक फल विक्रेता और दोपहिया चालक और एक व्यक्ति घायल हो गए हैं. घटना के बाद बाइक सवार वहां से भाग खड़ा हुआ. शिवाजी नगर पुलिस ने प्रचित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है. सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस दो पहिया वाहन सवार को तलाश रही है.

विदित हो कि शिवाजी चौक पर लोगों की भीड़ रहती है. ये एक बड़ा हादसा भी हो सकता था. आश्चर्य तो इस बात का है कि पुलिस ने केवल एनसी केस दाखिल किया है, जबकि इस मामले में तीन मामूली घायल हैं.

**1700 सेवानिवृत्त कर्मियों का बकाया अटका**

# सेवानिवृत्तकर्मी 21 अप्रैल से करेंगे आमरण अनशन



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका के करीब 1700 सेवानिवृत्त कर्मचारी और अधिकारी पिछले 10 वर्षों से अपने बकाया भुगतान के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इसी मुद्दे को लेकर अब 21 अप्रैल 2026 से मनपा मुख्यालय के सामने आमरण भूख हड़ताल शुरू करने की घोषणा की गई है। इस आंदोलन में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त अग्निशामक विभाग प्रमुख भी शामिल होंगे। सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के अनुसार, वर्ष 2016 से अब तक सातवें वेतन आयोग का लाभ, पेंशन, उपदान और अवकाश अंतर की राशि का भुगतान नहीं किया गया है। इससे सैकड़ों कर्मचारी आर्थिक रूप से परेशान हैं। संघ ने 17 मार्च 2026 को आयुक्त मनीषा अव्हाले को पत्र देकर अपनी मांगें रखीं थीं। अब तक छह बार पत्राचार के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। कर्मचारियों का करीब 32 करोड़ रुपए बकाया बताया जा रहा है। संघ के अध्यक्ष बालासाहेब नेटके ने बताया कि बार-बार मांग करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने पर अब आमरण अनशन का निर्णय लिया गया है। उन्होंने प्रशासन से जल्द समाधान की मांग की है।

# कल्याण-शील रोड पर केमिकल की बदबू से लोगों का घुट रहा दम



**कल्याण.** डोंबिवली के पलावा इलाके में कल्याण-शील रोड पर तेज़ केमिकल की बदबू ने लोगों को सचमुच चौंका दिया। हवा में अचानक धुएं की चादर छा गई। इससे इलाके में डर का माहौल बन गया। हालांकि, लोगों ने जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की तरफ से कोई कार्रवाई न होने पर कड़ी नाराज़गी जताई है। इस बात पर बहस हो रही है कि सुबह-सुबह इस इलाके में अचानक धुएं की चादर कैसे फैल गई।

शक है कि इस प्रदूषण का सोर्स डोंबिवली MIDC से सटे ग्रामीण इलाकों से आ रहा है। सुबह-सुबह ही हवा में फैले इस धुएं की वजह से लोगों को सांस लेने में दिक्कत, आंखों में जलन और बेचैनी होने लगी। यह स्थिति खासकर बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों के लिए खतरनाक है। गंभीर बात यह है कि इतनी ज़्यादा मात्रा में प्रदूषण होने के बावजूद, जनप्रतिनिधियों और महाराष्ट्र प्रदूषण कंट्रोल कॉर्पोरेशन ने कोई तुरंत कार्रवाई नहीं की है। इससे प्रशासन की निष्क्रियता को लेकर लोगों में गुस्सा है।

### सख्त कार्रवाई की मांग

इस घटना से इलाके के लोगों की सेहत पर असर पड़ने का डर है, और प्रदूषण को कंट्रोल करने के लिए सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है। लोगों की ज़ोरदार मांग है कि प्रशासन तुरंत इस घटना की जांच करे और ज़िम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे, साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए।

# तीन बड़े पार्कों के सुशोभीकरण के लिए 6.90 करोड़ रुपये का फंड मंज़ूर

- **महापौर के हाथों पार्कों का भूमिपूजन**



**उल्हासनगर.** पब्लिक जगहों की क्वालिटी सुधारने के मकसद से, उल्हासनगर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन ने शहर के तीन ज़रूरी पार्कों, यानी 'सपना उद्यान, साई वासन शाह उद्यान, और प्रभात उद्यान' के सुशोभीकरण का काम शुरू किया। इन पार्कों का शिलान्यास महापौर अश्विनी निकम ने किया।

उस समय कहा गया था कि इस पहल का मुख्य मकसद शहर में ग्रीन कवर बढ़ाना और लोगों को बेहतर मनोरंजन की सुविधाएं देना है। इस प्रोजेक्ट के लिए चुने गए पार्कों में राजीव गांधी उद्यान (जिसे 'सपना गार्डेन' के नाम से ज़्यादा जाना जाता है), साई वासन शाह उद्यान, और प्रभात उद्यान शामिल हैं। कहा गया कि इन पार्कों को एनवायरनमेंटल सस्टेनेबिलिटी का ध्यान रखते हुए, अलग-अलग मॉडर्न सुविधाओं से लैस तरीके से डेवलप किया जाएगा। उद्घाटन के मौके पर मेयर अश्विनी निकम ने कहा कि ब्यूटीफिकेशन स्कीम में ग्रीन कवर बढ़ाने और हेल्दी माहौल बनाने के लिए नए पेड़ लगाना शामिल है। उन्होंने कहा, "हम इन पार्कों को ज़्यादा आसान और लोगों के लिए आसान बनाने पर फोकस कर रहे हैं। यहां म्यूजिक सिस्टम जैसी सुविधाएं लगाई जाएंगी ताकि लोग सुबह और शाम की सैर के दौरान भक्ति गीतों और अच्छी धुनों का आनंद ले सकें।"

इस प्रोजेक्ट के तहत, महिलाओं के लिए 'पिंक टॉयलेट' (स्पेशल टॉयलेट) बनाए जाएंगे; एक 'बॉटनिकल गार्डन' बनाया जाएगा और टूरिस्ट के लिए गज़ेबो बनाए जाएंगे। इसके अलावा, इन पार्कों के इको-फ्रेंडली डिज़ाइन के हिस्से के तौर पर, रेनवाटर हार्वेस्टिंग और सोलर पावर सिस्टम का इंतज़ाम किया जाएगा।

इस पहल से पार्कों का पूरा आकर्षण काफी बढ़ने और सस्टेनेबल तरीकों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। निकम ने आगे कहा कि एक सरकारी इंतज़ाम के ज़रिए, MP श्रीकांत शिंदे ने इस प्रोजेक्ट के लिए 6.9 करोड़ रुपये का फंड दिया है। इसमें से सपना उद्यान के लिए 2 करोड़ रुपये, साई वासन शाह 705 उद्यान के लिए 2 करोड़ रुपये और प्रभात उद्यान के लिए 2 करोड़ 90 लाख रुपये मंजूर किए गए हैं। इन तीन बड़े पार्कों के लिए कुल 6 करोड़ 90 लाख रुपये इस्तेमाल किए जाएंगे। नगर निगम ने अब यह काम शुरू कर दिया है और इसे अलग-अलग चरणों में पूरा करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि निवासियों ने इस फैसले का स्वागत किया है, और कहा कि बेहतर पार्क शहर में मनोरंजन और सामुदायिक गतिविधियों के लिए बेहतर जगह देंगे।

इस भूमि पूजन कार्यक्रम के मौके पर पूर्व MLA पप्पू कालानी मुख्य अतिथि थे। उस समय नगरसेविका डिंपल ठाकुर, नगरसेवक आकाश चक्रवती, राजेंद्र चौधरी, जमनादास पुरसावानी, सीमा कालानी, दिलीप जग्याशी, कुमारी ठाकुर, सुमित चक्रवती, विक्की भुल्लर, मनोज लासी, कविता लासी, संतोष पांडे, प्रमोद पांडे और कमलेश निकम समेत बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे।

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं। - वाल्मीकि**

उल्हास विकास संपादकीय

## विश्व बैंक-आईएमएफ की चेतावनी

ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच युद्ध के नतीजे दिखने लगे हैं। ऊर्जा संकट गहराने के साथ पूरी दुनिया अब इसके व्यापक परिणामों से निपटने की तैयारी कर रही है। होर्मुज जलमार्ग से ईंधन आपूर्ति की जो श्रृंखला टूटी है, वह कब नियमित होगी, कुछ कहा नहीं जा सकता। मगर इससे कई देशों के सामने चौतरफा संकट जरूर पैदा हो गया है। वैश्विक स्तर पर ईंधन और परिवहन की लागत बढ़ने लगी है। मुश्किल भरे इस दौर में विश्व बैंक, मुद्रा कोष और विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने सचेत किया है कि पश्चिम एशिया के वैश्विक ऊर्जा बाजारों में युद्ध ने जो व्यवधान पैदा किया है, उससे खाद्य कीमतों और खाद्य सुरक्षा पर व्यापक असर पड़ेगा।

इन तीनों संस्थाओं के इस बयान को गंभीरता से लेने की जरूरत है कि बढ़ती खाद्य कीमतों का सबसे अधिक बोझ दुनिया की कमजोर आबादी पर पड़ेगा। हालांकि इन संगठनों का कहना है कि वे संभावित स्थितियों पर निगाह रखेंगे और संकट से प्रभावित लोगों की मदद के लिए उपलब्ध संसाधनों का समन्वय करेंगे। मगर सवाल है कि इस विकट दौर में करोड़ों लोगों तक कैसे और किस हद तक मदद पहुंचेगी?

युद्ध के असर के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने जिस तरह आगाह किया है, इससे समझा जा सकता है कि पूरी दुनिया पर खाद्य संकट मंडरा रहा है। युद्ध के दौरान होर्मुज जलमार्ग बंद होने से उर्वरकों की आपूर्ति में जो बाधा आई है, इसका प्रभाव स्वाभाविक रूप से भारत सहित दुनिया के कई देशों पर पड़ेगा।

नतीजा यह होगा कि कम और महंगा यूरिया मिलने से खेती की लागत बढ़ेगी। दूसरी ओर, आने वाले समय में पेट्रोल-डीजल के दाम तेजी से बढ़ेंगे, तो माल की ढुलाई भी महंगी होगी। ऐसे में महंगाई को संभालना बेहद चुनौतीपूर्ण होगा। चिंता की बात यह है कि युद्ध से वैश्विक अर्थव्यवस्था का जो नुकसान हुआ है, अभी उसी का पूरी तरह आकलन नहीं हो पाया है।

इस स्थिति में खाद्य कीमतों में संभावित वृद्धि की चेतावनी डराने वाली है। अमेरिका और ईरान में दो सप्ताह के युद्ध विराम के बीच आयात निर्भर देशों के लिए यह सोचने का समय है कि ईंधन और खाद्य की कीमतों को वे कैसे नियंत्रित करेंगे।

**विमर्श**

# आसान नहीं होता युद्ध खत्म करना

वियतनाम युद्ध में हुई किरकिरी से सबक लेते हुए जब अमेरिकी सेनाएं 1991 के खाड़ी युद्ध में उतरीं तो उन्होंने थल, नभ एवं जल सेना के ऐसे अभूतपूर्व समन्वय का उदाहरण प्रस्तुत किया कि चंद दिनों में ही युद्ध का निर्णायक फैसला हो गया। आपरेशन डेजर्ट स्टार्म नाम से चला वह अभियान अमेरिका की बड़ी सैन्य सफलताओं में से एक माना जाता है। हालांकि उसके कुछ साल बाद ही अफगानिस्तान में अमेरिका का आतंक विरोधी अभियान इतना लंबा खिंचा कि उसे कभी न समाप्त होने वाले 'अंतहीन युद्ध' की संज्ञा मिलने लगी। अमेरिकी सेना के सबसे लंबे अभियान के रूप में दर्ज हुए इस अभियान के विषय में यह भी कहा जा सकता है कि अमेरिका को अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी, क्योंकि तालिबान फिर से अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज हो गए।

इसी तरह रूस ने भी यूक्रेन पर इसी धारणा के साथ हमला किया कि कुछ ही दिनों में वह हथियार डाल देगा, लेकिन वह लड़ाई अभी तक जारी है। अक्टूबर 2023 में जब हमास के हमले के बाद इजरायल ने गाजा को निशाना बनाया तो यही माना गया था कि थोड़े समय में ही वह लड़ाई थम जाएगी, मगर उस लड़ाई का दायरा बढ़कर लेबनान, सीरिया और यमन तक विस्तारित होता गया। हालांकि जनवरी में वहां एक युद्धविराम की स्थिति तो बनी, लेकिन वहां भीषण मानवीय आपदा की स्थिति को अनदेखा नहीं किया जा सकता।

ईरान युद्ध का उदाहरण लें तो उसकी शुरुआत भी संभवतः इसी



विचार के साथ हुई हो कि जल्द ही इसका परिणाम सामने आ जाएगा। शुरुआती दौर में ही शीर्ष नेता अयातुल्ला खामेनेई की हत्या इसी धारणा के अनुरूप थी कि इससे शासन परिवर्तन में आसानी होगी। हालांकि खामेनेई की मौत ने शासन परिवर्तन के बजाय ईरानियों को और एकजुट करने का ही काम किया।

शासन पर पहले जो दबाव महसूस हो रहा था, वह छिन्न-भिन्न हो गया। फिर लड़ाई लंबे दौर में दाखिल हो गई और पूरी दुनिया उसकी तपिश महसूस करने लगी।

इतिहास पर दृष्टि डालें तो यूरोपीय सैन्य नेतृत्व ने 1914 की गर्मियों में यह सोचकर युद्ध छेड़ा कि क्रिसमस तक लड़ाई थम जाएगी, मगर हुआ इसका उलटा और वह जंग नवंबर 1918 तक जारी रही।

जर्मनी ने बख्तरबंद सेना और वायुसेना के घातक उपयोग वाली ब्लिट्जक्रेग यानी बिजली की चपलता वाली रणनीति के जरिये 1940 में पश्चिमी यूरोप के एक बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया, लेकिन यह शुरुआती सफलता भी अंततः उसे जीत नहीं दिला पाई। सोवियत संघ के साथ जर्मनी 1941 में ऐसे विध्वंसक एवं अंतहीन युद्ध में उलझा, जिसमें दोनों खेमों को ही भारी क्षति पहुंची, लेकिन इसका परिणाम जर्मनी के विभाजन के रूप में निकला। देखा जाए तो दोनों विश्व युद्धों में जीत की कुंजी वास्तविक सैन्य शक्ति से अधिक धैर्य और लंबे समय तक संघर्ष में टिके रहने की क्षमता में निहित थी।

इसी क्रम में कोरियाई युद्ध तीन वर्षों से अधिक समय तक चला और अमेरिकी सैनिक वियतनाम में एक दशक से भी अधिक समय तक तैनात रहे। हालांकि इस सबका यह अर्थ नहीं कि आधुनिक सशस्त्र संघर्षों का निर्णय तत्काल नहीं हो पाता। जून 1967 में इजरायल ने एक सप्ताह के भीतर ही अरब देशों के गठबंधन को धूल चटा दी थी। बांग्लादेश की स्वतंत्रता के लिए हुए 1971 के युद्ध में भी भारत ने मात्र 13 दिनों की लड़ाई में ही पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया था। गत वर्ष आपरेशन सिंदूर में भारत की करीब 88 घंटों की जोरदार कार्रवाई के बाद ही पाकिस्तान संघर्षविराम की गुहार लगाने लगा था। सैन्य रणनीतियों में संक्षिप्त स्वरूप में तीव्र प्रहार और एकाएक किए हमलों के जरिये जीत की अपनी महत्ता रही है, लेकिन इतिहास साक्षी है कि जो सेनाएं इसी भरोसे के साथ रणभूमि में उतरीं, उन्हें यह अनुभूति भी हुई कि किसी भी युद्ध को अपेक्षित समय में संतोषजनक परिणामों के साथ समाप्त करना कितनी टेढ़ी खीर साबित हुआ।

संक्षिप्त युद्ध की रणनीति मुख्य रूप से प्रतिद्वंद्वी को एकाएक हमले से चौंकाने पर टिकी होती है। इसमें पूरी ताकत से ऐसे हमलों पर जोर होता है कि दुश्मन को संभलने का कोई मौका ही न मिले और उस पर निर्णायक बढ़त बनाई जाए। यह भी स्मरण रखना होगा कि छोटे युद्ध उन संसाधनों के दम पर लड़े जाते हैं जो उस समय उपलब्ध होते हैं.




आत्मा हमारे भीतर मौजूद जीवनदायी शक्ति है।
- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज
स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२
देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# युद्धविराम या नई जंग की शुरुआत

पश्चिम एशिया में युद्ध से उपजे संकट के बीच यह पहला मौका था, जब ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच चौदह दिनों के युद्धविराम पर सहमति बनी थी। मगर इजराइल ने बुधवार को ही जिस तरह लेबनान पर हमला किया, उससे साफ है कि युद्धविराम में उसकी कोई दिलचस्पी नहीं है। गौरतलब है कि लेबनान पर इजराइली हमले में दो सौ से ज्यादा आम लोग मारे गए।

विचित्र है कि ईरान के खिलाफ युद्ध में अमेरिका और इजराइल साझा मोर्चे के तहत हमले कर रहे थे, लेकिन जब दोनों पक्षों के बीच युद्धविराम पर सहमति बनी, तो उसे ठोस आकार देने के बजाय इजराइल ने समझौते को तोड़ने की पृष्ठभूमि बनानी शुरू कर दी। जबकि इस बीच इजराइल और अमेरिका की ओर से जिस तरह की बेलगाम बयानबाजियां जारी रहीं, उससे पहले ही हालात और बिगड़ने की आशंका बनी हुई थी। विडंबना यह भी है कि लेबनान पर इजराइल के हमले के बाद अब ईरान ने फिर से होर्मुज जलमार्ग को बंद करने की घोषणा की है।

निश्चित रूप से ईरान के इस रुख को उसकी प्रतिक्रिया कहा जा सकता है, लेकिन सवाल है कि इस समूचे परिदृश्य में किसी भी पक्ष की जिद और अकड़



का नतीजा क्या निकल रहा है! इजराइल और अमेरिका ने जिस दिन ईरान पर साझा हमला किया था, तभी से यह आशंका बनी हुई थी कि इसका असर केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहेगा। इसके बाद ईरान ने स्वाभाविक ही रणनीति के तहत होर्मुज जलमार्ग को बाधित कर दिया और उसके बाद दुनिया के ज्यादातर देशों में प्राकृतिक तेल और गैस की आपूर्ति रुक गई। जिन देशों के पास इसके विकल्प थे, वहां के हालात अपेक्षया नियंत्रण में रहे, लेकिन भारत सहित बहुत सारे ऐसे देश हैं, जहां पेट्रोल-डीजल से लेकर रसोई गैस का संकट पैदा हो गया और आम लोगों का जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

ऐसे में युद्धविराम की घोषणा के बाद यह उम्मीद जगी थी कि अब होर्मुज जलमार्ग के खुलने से जहाजों की आवाजाही का रास्ता खुलेगा और स्थिति सुधरेगी। मगर लेबनान पर इजराइल के ताजा हमले में जिस तरह बड़े पैमाने पर आम लोगों की मौत की खबर आई है और उसके बाद ईरान ने जैसी प्रतिक्रिया दी है, उससे एक बार फिर शांति की उम्मीदों पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं।

सवाल है कि अगर युद्धविराम की शर्तों में लेबनान पर भी इजराइली हमले रोकना शामिल था, तो इस पर अमल के बजाय इसे ताक पर रख कर नागरिक ठिकानों को निशाना बनाने के पीछे कौन-सी मंशा काम कर रही है। यही नहीं, इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने यह भी कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो इजराइल फिर से ईरान के खिलाफ लड़ाई शुरू करेगा। खुद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जिस भड़काऊ लहजे में बात कर रहे हैं, उसे कैसे देखा जाएगा?

हैरानी की बात है कि ट्रंप युद्धविराम और उसकी शर्तों पर सहमति जताने के बाद लेबनान पर हमले के मसले को समझौते से अलग बताते हैं। क्या इसे शांति के लिए हुई पहलकदमी को कमजोर करने की तरह नहीं देखा जाएगा? दूसरी ओर, ईरान ने कहा कि युद्धविराम और इजराइल के जरिए जंग, दोनों साथ नहीं चल सकते। ऐसे में यह अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है कि युद्धविराम कितने दिनों तक बना रहेगा।

# पीठ पर बांधे कांटेदार कैक्टस, खून से लथपथ हुई खाल

**जरा हट के**

दुनियाभर में ऐसी कई अनोखी और हैरान कर देने वाली परंपराएं हैं, जिन्हें आस्था के नाम पर सदियों से निभाया जा रहा है. कहीं पर लोग खुद को कोड़ों से पीटते हैं, तो कहीं पर अंगारों पर नंगे पैर चलते हैं. ऐसी ही एक चौंकाने वाली तस्वीर मैक्सिको से सामने आई है, जहां आध्यात्मिक मुक्ति की तलाश में लोग अपने शरीर के साथ ऐसा दर्दनाक व्यवहार कर रहे हैं, जिसे देखकर ही रूह कांप जाए. मैक्सिको के मिचोआकन राज्य के अंगंगुओ में गुड फ्राइडे के मौके पर आयोजित होने वाले पारंपरिक जुलूस में दर्जनों पुरुषों ने अपनी नंगी पीठ पर कटीले कैक्टस बांधकर मार्च किया. शर्टलेस होकर सड़कों पर निकले ये पुरुष अपने शरीर पर बंधे भारी-भरकम कैक्टस के बोझ से झुके हुए थे, जबकि उस पौधे की हजारों नुकीली सुइयां उनकी कोमल त्वचा को छलनी कर रही थीं.



इस अजीबोगरीब और दर्दनाक कृत्य से जुड़ी परंपरा को स्थानीय स्तर पर नोपाल प्रोसेशन के नाम से जाना जाता है, जो मैक्सिको के कई हिस्सों में सदियों से प्रचलित है. वहीं, इस परंपरा में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को पेनिटेंट्स कहा जाता है, जिसका अर्थ होता है अपने पापों का प्रायश्चित करने वाला. यहां मान्यता है कि अपनी पीठ पर कटीले कैक्टस ले जाना ईसा मसीह के बलिदान और उनके द्वारा सही गई शारीरिक पीड़ा का प्रतीक है. ये लोग अपनी आस्था को साबित करने के लिए इस असहनीय दर्द को बिना उफ़ किए सहते हैं. मैक्सिको में नोपाल यानी कांटेदार कैक्टस को राष्ट्रीय पहचान का प्रतीक माना जाता है, लेकिन उसी पौधे का इस्तेमाल यहां खुद को यातना देने के लिए किया जा रहा है. हाल ही में सोशल मीडिया पर इससे जुड़ी कई तस्वीरें और वीडियोज सामने आए, जिसने नई बहस छेड़ दी है.

तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि कैसे ये पुरुष सड़कों पर धीमे कदमों से आगे बढ़ रहे हैं. उनकी पीठ से कैक्टस की टहनियां कसकर बंधी हुई हैं और हर कदम के साथ वे कांटे उनके मांस में गहराई तक धंस रहे हैं. हैरानी की बात यह है कि ये लोग अपने चेहरे पर दर्द का एक भी शिकन नहीं आने देते.

# पनीर फ्राइड राइस

**खाना-खजाना**

### सामग्री

- पके हुए चावलः 2 कप (बासमती चावल हों तो फ्राइड राइस एकदम खिले-खिले बनेंगे)
- पनीरः 200 ग्राम (छोटे टुकड़ों में कटा हुआ)
- सब्जियांः 1 कप (बारीक कटी हुई गाजर, शिमला मिर्च, बीन्स और पत्ता गोभी)
- प्याजः 1 मीडियम साइज
- अदरक और लहसुनः 1-1 चम्मच (एकदम बारीक कटा हुआ)
- हरी मिर्चः 2 (बारीक कटी हुई)
- सोया सॉसः 1 बड़ा चम्मच
- विनेगरः 1 छोटा चम्मच
- काली मिर्च पाउडरः आधा छोटा चम्मच
- नमकः स्वादानुसार
- तेलः 2 से 3 बड़े चम्मच
- हरा प्याजः गार्निश करने के लिए

### बनाने की विधि

एक पैन या कड़ाही में थोड़ा-सा तेल गरम करें। इसमें पनीर के कटे हुए टुकड़े डालें और उन्हें हल्का सुनहरा होने तक भून लें। पनीर को एक प्लेट में निकाल कर रख लें। अब उसी कड़ाही में 2



चम्मच तेल और डालें. तेल गरम होते ही उसमें बारीक कटा हुआ लहसुन, अदरक और हरी मिर्च डाल दें। इसे 10-15 सेकंड तक भूनें ताकि तेल में एक बढ़िया-सी खुशबू आ जाए। इसके बाद कटा हुआ प्याज डालकर हल्का गुलाबी होने तक पकाएं। जब प्याज भुन जाए, तो इसमें सारी कटी हुई सब्जियां (गाजर, शिमला मिर्च, बीन्स, पत्ता गोभी) डाल दें। सब्जियों को तेज आंच पर 2 से 3 मिनट तक लगातार चलाते हुए भूनें। सब्जियां जब भुन जाएं, तो गैस की आंच थोड़ी धीमी कर दें। अब इसमें सोया सॉस, विनेगर, काली मिर्च पाउडर और नमक मिला लें। सभी चीजों को एक साथ अच्छे से मिक्स करें। अब कड़ाही में पहले से पके हुए ठंडे चावल और फ्राई किया हुआ पनीर डाल दें। इसे 2 मिनट तक तेज आंच पर टॉस करते हुए पकाएं ताकि चावलों में सॉस का स्वाद अच्छे से रम जाए। बस, फिर बनकर तैयार हैं आपके गरमागरम, खिले-खिले और बेहद स्वादिष्ट पनीर फ्राइड राइस।

# आ गया बाबा बर्फानी का बुलावा!

## 15 अप्रैल से शुरू हो रही अमरनाथ यात्रा की बुकिंग

हिमालय की बर्फीली वादियों के बीच विराजमान बाबा बर्फानी के दर्शन का सपना देखने वाले शिवभक्तों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। जी हां, दुर्गम चोटियों में स्थित भगवान शिव के इस पवित्र दरबार में हाजिरी लगाने का समय अब करीब आ गया है।

गर्मियों का मौसम आते ही शिवभक्तों को बाबा बर्फानी के दरबार में हाजिरी लगाने का बेसब्री से इंतजार रहता है। अगर आप भी 2026 में अमरनाथ यात्रा पर जाने का मन बना रहे हैं, तो अपनी तैयारियां अभी से तेज कर दीजिए। आगामी यात्रा के लिए 15 अप्रैल से एडवांस बुकिंग शुरू होने जा रही है। चूंकि रजिस्ट्रेशन 'पहले आओ, पहले पाओ' की तर्ज पर होंगे, इसलिए बुकिंग में देरी करना भारी पड़ सकता है। आइए, इस



आर्टिकल में आपको रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया और श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड द्वारा जारी किए गए नियमों के बारे में बताते हैं।

दक्षिण कश्मीर की गुफा में विराजते हैं बाबा बर्फानी

दक्षिण कश्मीर की बर्फीली वादियों में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा हिंदुओं की गहरी आस्था का केंद्र है। गर्मियों में 30 से 40 दिनों तक चलने वाली इस यात्रा में हजारों लोग हिस्सा लेते हैं। गुफा के अंदर भगवान शिव बर्फ के प्राकृतिक शिवलिंग के रूप में विराजमान हैं।

मान्यता है कि यह पवित्र शिवलिंग चंद्रमा के आकार घटने-बढ़ने के साथ ही अपना स्वरूप बदलता है। श्रद्धालु बाबा तक पहुंचने के लिए दो रास्तों का इस्तेमाल करते हैं- पहला पहलगाम (गुफा से 46 किमी दूर) और दूसरा बालटाल (गुफा से 14 किमी दूर)।

### बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन के बिना नहीं बनेगा परमिट

यात्रा के परमिट ऑनलाइन ही जारी किए जाएंगे और हर रूट के लिए रोजाना का एक फिक्स कोटा निर्धारित किया गया है।

- आप अपना रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन माध्यम से या फिर देश भर में चुनी गई 554 बैंक शाखाओं में जाकर करवा सकते हैं।
- बुकिंग के लिए आधार कार्ड से बायोमेट्रिक पहचान होना अनिवार्य है। इसके साथ ही आपको सभी जरूरी दस्तावेज भी जमा करने होंगे।
- किन्हें है अमरनाथ यात्रा पर जाने की अनुमति?

**यह एक दुर्गम और कठिन ट्रेक है, इसलिए श्राइन बोर्ड ने फिटनेस और उम्र का खास नियम तय किया है:**

- केवल 13 साल से लेकर 70 साल तक के श्रद्धालु ही बाबा के दर्शन के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।
- सुरक्षा के लिहाज से, 6 हफ्ते से ज्यादा की गर्भवती महिलाओं को इस यात्रा में शामिल होने की मनाही है।

### अमरनाथ यात्रियों के लिए बेहद जरूरी सलाह

- RFID कार्ड है जरूरी: जम्मू-कश्मीर पहुंचने के बाद तय किए गए सेंटर्स से अपना RFID कार्ड जरूर प्राप्त करें। इसे लेते वक्त अपना आधार कार्ड साथ रखें। सुरक्षा के लिए पूरी यात्रा के दौरान इस कार्ड को अपने गले में पहनकर रखना अनिवार्य है।
- पहचान पत्र और इमरजेंसी पर्ची: अपना आईडी प्रूफ जैसे ड्राइविंग लाइसेंस और यात्रा परमिट हमेशा पास रखें। इसके अलावा, एक पर्ची पर अपने साथ उसी दिन दर्शन के लिए जा रहे किसी साथी यात्री का नाम, पता और मोबाइल नंबर लिखकर अपनी जेब में रखें ताकि आपातकाल में काम आ सके।
- मौसम की तैयारी: पहाड़ों पर मौसम का कोई भरोसा नहीं होता और पारा अचानक 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे लुढ़क सकता है। इसलिए पर्याप्त गर्म कपड़े, रेनकोट, विंडचीटर, छाता और वाटरप्रूफ जूते जरूर ले जाएं। अपने कपड़ों और खाने के सामान को भी वाटरप्रूफ बैग में ही पैक करें।

## आज का राशिफल

**मेष** : आज यात्रा लाभदायक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। कोई बड़ी समस्या का हल सहज ही होगा। समय अनुकूल है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शेयर मार्केट, म्युचुअल फंड से मनोनुकूल लाभ होगा। बेरोजगारी के प्रयास सफल रहेंगे।

**वृषभ** : परिवार के किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य पर खर्च होगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जल्दबाजी न करें। विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च होगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी व्यक्ति के बहकावे में न आएं।

**मिथुन** : आय में वृद्धि होगी। लाभ में वृद्धि होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। समय की अनुकूलता का लाभ लें। यात्रा लाभदायक रहेगी। रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। विरोधी सक्रिय रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पारिवारिक चिंता रहेगी।

**कर्क** : आर्थिक उन्नति की योजना बनेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। नए उपक्रम प्रारंभ हो सकते हैं। कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। मान-सम्मान मिलेगा। जल्दबाजी से काम बिगड़ सकते हैं। थकान रहेगी। किसी बड़े काम को करने की तीव्र इच्छा जागृत होगी।

**सिंह** : नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। दुष्टजनों से सावधान रहें। प्रमाद न करें। धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें।

**कन्या** : बनते कामों में विघ्न आ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। बेकार बातों की तरफ ध्यान न दें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय होगी। फालतू खर्च होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। चोट व दुर्घटना के प्रति सावधानी आवश्यक है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**तुला** : प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। मानसिक बेचैनी रहेगी। सभी तरफ से सफलता प्राप्त होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। ऐश्वर्य के साधनों पर अधिक व्यय होगा। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृश्चिक** : स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। समय की अनुकूलता का लाभ लें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है। जोखिम न उठाएं। प्रसन्नता रहेगी। किसी व्यक्ति के बहकावे में न आएं। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**धनु** : रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद प्राप्त होगा। मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। रोजगार मिलेगा। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कानूनी अड़चन सामने आएगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यर्थ दौड़धूप रहेगी।

**मकर** : मेहनत अधिक होगी। लाभ के अवसर टलेंगे। मानसिक बेचैनी रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा। कोई बड़ी बाधा उठ खड़ी हो सकती है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें, गुम हो सकती है। विवाद के बढ़ावा न दें। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। किसी व्यक्ति विशेष से कहासुनी हो सकती है।

**कुंभ** : व्यापार लाभदायक रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। ऐश्वर्य के साधनों पर खर्च होगा। घर-बाहर सुख-शांति रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। प्रमाद न करें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मेहनत का फल मिलेगा। मान-सम्मान मिलेगा। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**मीन** : उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। बुद्धि का प्रयोग करेंग। कार्य में सफलता मिलेगी। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। लाभ में वृद्धि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। समय सुखपूर्वक व्यतीत होगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# घर के गार्डन में लगा सदाबहार फूल है फायदेमंद औषधि



सदाबहार एक साधारण सा दिखने वाला पुष्प है पर आयुर्वेद में इसे खून, त्वचा और चयापचय से जुड़ा एक महत्वपूर्ण द्रव्य माना गया है. आयुर्वेद यह स्पष्ट करता है कि हर वनौषधि तभी औषधि बनती है, जब उसे सही द्रव्य, सही मात्रा और सही विधि के साथ अपनाया जाए. इसका स्वाद कड़वा होता है और इसे रक्त शुद्धि का सबसे आसान तरीका माना गया है. इसके पुष्प का सेवन रक्त की अशुद्धियों को कम करता है, जिससे आधी से ज्यादा शारीरिक रोग पहले ही खत्म हो जाते हैं.

### घाव के लिए नेचुरल औषधि के समान

आयुर्वेद में सदाबहार को कफ और पित्त नाशक माना गया है. अगर सही मात्रा में इसका सेवन किया जाए तो आसानी से त्रिदोषों को संतुलित किया जा सकता है. इसके पत्ते का चूर्ण और हल्दी की सहायता से घाव को जल्दी भरा जा सकता है. घाव को जल्दी ठीक करने, सूजन को कम करने और घाव की लालिमा को कम करने के लिए सहाबहार के पत्तों को पीसकर और हल्दी मिलाकर सीधा घाव पर लगाया जा सकता है, लेकिन यह सिर्फ छोटे घाव पर लगाएं. बड़े और पस पड़े घाव के लिए चिकित्सक की सलाह लें.

### हैवी पीरियड्स का घरेलू उपाय

महिलाओं में अक्सर अनियमित मासिक धर्म की परेशानी देखी जाती है और नियमित करने के लिए महिलाओं को हॉर्मोन पिल्स का सहारा लेना पड़ता है. ऐसे में सदाबहार के पत्तों को पानी में उबालकर पीने से गर्भाशय को मजबूती मिलती है और हॉर्मोन भी संतुलित रहते हैं. यह अधिक रक्तस्त्राव को भी नियंत्रित करता है.

### नाक से खून आना घरेलू उपचार

गर्मियों में अक्सर नाक से खून आने की समस्या देखी जाती है. गर्मी में अधिक ताप की वजह से नाक से खून बहना शुरू हो जाता है. ऐसे में सदाबहार के फूल और अनार के फूलों का रस नाक में डालने से आराम मिलेगा. इन दोनों फूलों के रस की तासीर ठंडी होती है और रक्त को बहने से रोकती है.

# अमृत समान है गन्ने का जूस

गर्मियों में गन्ने का जूस पीना सेहत के लिए अमृत समान है. यह एक नेचुरल ड्रिंक है, जो कई तरह के पोषक तत्वों का भंडार होता है. जब आप तेज धूप में घूमकर घर लौटते हैं तो थकान महसूस होती है. इस थकान को कम करने का काम करता है, गन्ने का रस. ये रस शरीर को तुरंत ही भरपूर एनर्जी देता है. गन्ने के रस पीने के क्या फायदे होते हैं और इसमें क्या-क्या पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जानिए यहां विस्तार से...

### गन्ने के जूस में मौजूद पोषक तत्व

गन्ने का रस एक पावर-पैक्ड जूस है, जिसमें मिनरल्स, विटामिंस, एंटीऑक्सीडेंट्स का खजाना होता है. इसमें एलेक्ट्रोलाइट्स को शरीर में बढ़ाने के भी गुण होते हैं. शरीर को डिटॉक्सिफाई, हाइड्रेटेड भी बनाए रखता है. इसमें कार्बोहाइड्रेट्स, आयरन, विटामिन सी, मैग्नीशियम, कैल्शियम, पोटैशियम, विटामिन बी1, बी2, बी9, एनर्जी, जिंक आदि होते हैं.

### गन्ने का जूस पीने फायदे

- गर्मियों में गन्ने का रस पीने से शरीर को भरपूर एनर्जी मिलती है. आपकी सारी थकान दूर हो जाती है. आयुर्वेद में गन्ने के रस को कई बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल किया जाता है. यह शरीर को तरोताजा रखता है. यह लिवर की कार्यक्षमता बढ़ाता है. पाचन तंत्र को दुरुस्त बनाए रखता है. खासकर, पीलिया जैसी बीमारी में गन्ने



का रस पीना बहुत फायदेमंद माना गया है.
- हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, गन्ने का रस एक नेचुरल डिटॉक्स ड्रिंक है, जो शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है. यह क्षारीय पेय होता है, जिसके कारण इम्यूनिटी बूस्ट होती है.
- आयुर्वेद में गन्ने के रस को मूत्रवर्धक, शीतलक, रेचक और टॉनिक के रूप में इस्तेमाल किया जाता है. यह पेशाब में जलन, पेशाब न आने की समस्या और रक्तस्त्राव में भी राहत देता है.
- लिवर की कार्यप्रणाली में सुधार करता है गन्ने का रस. पीलिया जैसी लिवर संबंधी समस्याओं के प्राकृतिक उपचारों में से एक गन्ने का रस है. इसकी क्षारीय प्रकृति पेट के अतिरिक्त पित्त रस और अम्लों को बेअसर करती है. लिवर की कार्य क्षमता को मजबूत बनाती है.
- यूनानी चिकित्सा में इसे पीलिया के मरीजों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद माना जाता है. आधुनिक अध्ययनों में भी गन्ने में सूजन-रोधी, दर्द निवारक और लिवर की रक्षा करने वाले गुण पाए गए हैं.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### प्रतापगढ़ जेल में संदिग्ध हालत में बंदी की मौत

**प्रतापगढ़.** महिला की गैर इरादतन हत्या, किशोरी से छेड़खानी के आरोपी की शुक्रवार दोपहर प्रतापगढ़ जिला जेल परिसर में रखे लकड़ी के ढेर में संदिग्ध हालात में जलकर मौत हो गई। घटना कैसे हुई, यह अभी साफ नहीं है। जेल प्रशासन को प्रथमदृष्टया यह आत्महत्या का मामला लग रहा है पर इसे लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। जेल की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है। जेल प्रशासन ने लापरवाही बरतने पर डिप्टी जेलर और दो हेड वार्डर को निलंबित कर दिया है। शुक्रवार दोपहर जेल की भीतरी और बाहरी बाउंड्रीवाल के बीच रखे लकड़ी के ढेर में आग लगी तो जेलकर्मियों ने सबमर्सिबल पंप से पानी डालकर उसे बुझाया। आग बुझाने के बाद जली हुई लकड़ी के बीच शव दिखा तो हड़कंप मच गया। शव जेल में बंद गैर इरादतन हत्या के आरोपी राहुल उर्फ दीपक का था। जानकारी मिलते ही अपर जिलाधिकारी आदित्य प्रजापति, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेंद्रलाल, शहर कोतवाल सुभाष यादव फोर्स के साथ जेल पहुंचे।

### सीतापुर में श्रद्धालुओं से भरी बस कार से भिड़ी

**सीतापुर.** सीतापुर में भीषण सड़क हादसे में श्रद्धालुओं से भरी बस और सामने से आ रही कार में भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों गाड़ियों का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ और बस में सवार 25 यात्री बाल-बाल बच गए। सीतापुर के ही गुरपालिया में शनिवार दोपहर करीब 12 बजे खेत के ऊपर से गुजरी हाई टेंशन लाइन का तार अचानक टूट गर कर गिया। जिससे सूखी पड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। करीब सौ बीघा फसल आग की चपेट में आकर बर्बाद हो गई।

### पचपेड़वा में तेंदुए का हमला, विधायक ने मांगा 10 लाख मुआवजा

**बलरामपुर.** बलरामपुर के पचपेड़वा में सोहेलवा जंगल के भाभर रेंज में शुक्रवार को तेंदुए के हमले में मारे गए हरिकान्त यादव के परिवार को आर्थिक मदद दिलाने की कवायद तेज हो गई है। स्थानीय विधायक राकेश यादव ने मुख्यमंत्री से पीड़ित परिवार को 10 लाख रुपए की अहेतुक सहायता राशि देने की मांग की है। वहीं डीएफओ ने शनिवार को रेहरा बीट के धोबोलिया गांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों को जागरूक किया।

### बिजली का तार टूटकर गिरने से 100 बीघा गेहूं की फसल जलकर हुई खाक

**सीतापुर.** सीतापुर के खैराबाद के गुरपालिया में शनिवार को खेत के ऊपर से गुजरी हाई टेंशन लाइन का तार टूटकर गिरने से गेहूं की फसल में आग लग गई। कुछ ही देर में आग विकराल हो गई, लपट निकलने लगी। ग्रामीणों ने चीख पुकार मचा आग बुझाना शुरू कर अग्निशमन विभाग को सूचित किया। देखते ही देखते आग की चपेट में आकर करीब 100 बीघा फसल जलकर बर्बाद हो गई। गुरपालिया में शनिवार दोपहर करीब 12 बजे खेत के ऊपर से गुजरी हाई टेंशन लाइन का तार अचानक टूट गर कर गिया।

# छगन भुजबल का हेलिकॉप्टर कार पार्किंग में उतरा

- **पायलट ने गलती से हेलीपैड से 1km दूर लैंडिंग की**



**पुणे.** महाराष्ट्र के मंत्री छगन भुजबल का हेलिकॉप्टर शनिवार सुबह पुणे के पुरंदर इलाके में हेलीपैड से एक किलोमीटर दूर पार्किंग एरिया पर उतर गया। यह जगह हेलिपैड के लिए तय नहीं थी, जिससे सुरक्षा प्रोटोकॉल का उल्लंघन हुआ।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह घटना उस समय हुई जब भुजबल पुणे में ज्योतिबा फुले की 200वीं जयंती के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। यह हेलिकॉप्टर उन्होंने किराए पर लिया था। घटना में किसी के घायल होने या अन्य नुकसान की कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

हेलिकॉप्टर की लैंडिंग का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दिखा कि पार्किंग एरिया में कई कार कतार में खड़ी थी। वहीं पर गाड़ियों के सामने हेलिकॉप्टर की लैंडिंग की गई। इस दौरान धूल का एक बड़ा गुबार उठता हुआ दिखाई दिया।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, घटना को लेकर भुजबल ने बताया, 'पायलट ने पार्किंग एरिया पर गलत जगह लैंडिंग की। हम सभी सुरक्षित हैं।' पायलट, क्रू मेंबर या हेलिकॉप्टर ऑपरेट करने वाली कंपनी की ओर से अभी तक कोई बयान नहीं आया है। वहीं पुणे ग्रामीण पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि वे इस मामले की रिपोर्ट नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA) को देंगे और पायलट के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

नियम के मुताबिक, जब भी किसी हेलिकॉप्टर को किसी विशेष क्षेत्र में उतरना होता है, तो स्थानीय लोक निर्माण विभाग हेलिकॉप्टर के क्रू मेंबर को निर्देश देता देता है।

पुणे जिला पुलिस ने बताया कि उन्होंने हेलीपैड तैयार किया था और क्रू मेंबर को इसकी जानकारी थी, लेकिन उन्होंने इसे नजरअंदाज कर दिया।

इस घटना से काफी दहशत फैल गई है क्योंकि तीन महीने पहले महाराष्ट्र के डिप्टी CM अजित पवार की भी एक प्लेन हादसे में मौत हुई थी।

### बंगाल में यूसीसी को लेकर गृहमंत्री अमित शाह का बड़ा ऐलान

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीति अपने उफान पर है। तृणमूल कांग्रेस, भाजपा, कांग्रेस और अन्य राजनैतिक दल लगातार मतदाताओं को लुभाने में लगे हुए हैं। इसी क्रम में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। पश्चिम बंगाल की ममता सरकार पर घुसपैठियों का समर्थन करने का आरोप लगाते हुए शाह ने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार के आते ही केवल छह महीने के भीतर समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू कर दी जाएगी।

# 'बंगाल की जनता TMC का अहंकार चकनाचूर करेगी'

- **ममता ने कहा- BJP बंगाल विरोधी**
- **उन्हें अपने घर में घुसने मत दीजिए**



**कोलकाता.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के पूर्व वर्धमान जिले के कटवा और मुर्शिदाबाद के जंगीपुर में चुनावी रैलियों को संबोधित किया। PM ने पूर्व वर्धमान में कहा- बंगाल बदलाव के लिए तैयार है। मोदी की गांरटी टीएमसी की निर्मम सरकार के भय राज को हटाके भरोसे में बदलने की है।

मुर्शिदाबाद में मोदी ने कहा- आजादी के बाद से, बंगाल को चुनौती देने की हिम्मत करने वाले हर व्यक्ति का अहंकार चकनाचूर हो गया है। पहले अंग्रेजों का, फिर कांग्रेस का, और अंत में वामपंथियों का अहंकार भी चकनाचूर हो गया। अब बंगाल की जनता टीएमसी के अहंकार को चकनाचूर कर देगी।

दूसरी तरफ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने झारग्राम में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए भाजपा पर निशाना साधा। ममता ने कहा- भाजपा बंगाल विरोधी और बाहरी लोगों के खिलाफ है, उन्हें अपने घर में घुसने मत दीजिए।

असम के श्रीभूमि जिले में करीमगंज (उत्तर) विधानसभा क्षेत्र के 239-बेबीलैंड हाई इंग्लिश स्कूल मतदान केंद्र पर आज दोबारा वोटिंग हो रही है। सुबह 7 बजे से शुरु हुई वोटिंग शाम 5 बजे तक चलेगी।

### 'भाजपा हटाओ, गौमाता बचाओ'

असम विधानसभा चुनावों के लिए प्रचार अभियान समाप्त हो गया है। मतदान से महज कुछ घंटे पहले मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के 'गोमांस सेवन' पर दिए गये बयान पर राजनीति में तूफान खड़ा हो गया है। सरमा ने कहा कि गोमांस खाने में कोई रोक नहीं है, लेकिन इसे निजी जगहों तक सीमित रखना चाहिए। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मुस्लिम भाई गोमांस खाते हैं, हम उन्हें मना नहीं कर रहे हैं। हम बस यही कहते हैं कि इसे घर के अंदर खाएं, सार्वजनिक स्थानों पर नहीं। मंदिरों के 5 किलोमीटर दायरे में या किसी भी सार्वजनिक स्थान पर इसका सेवन नहीं होना चाहिए। मुख्यमंत्री के इस बयान से सियासी बवाल तेज हो गया है। विपक्ष इसे भाजपा की दोहरी नीति बता रहा है। दरअसल, यह बयान मुख्यमंत्री के पिछले कई बयानों से बिल्कुल अलग है। कुछ दिन पहले जोरहाट में चुनावी रैली के दौरान उन्होंने कहा था कि गाय का मांस खाने वालों को वह नहीं बख्शेंगे.

# इस्तीफे से पहले CM हाउस खाली कर रहे नीतीश कुमार

- **7 सर्कुलर रोड बंगले में शिफ्ट हो रहा सामान**

**पटना.** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस्तीफे से पहले CM हाउस खाली कर रहे हैं। 1 अणे मार्ग से सामान 7 सर्कुलर रोड बंगले में शिफ्ट हो रहा है। मुख्यमंत्री आवास से ट्रैक्टर ट्रॉली में सामान बाहर ले जाया जा रहा है। नीतीश कुमार ने 10 अप्रैल को राज्यसभा सांसद की शपथ ली। सूत्रों की मानें तो नीतीश 14 अप्रैल को CM पद से इस्तीफा दे सकते हैं। 15 अप्रैल को बिहार में नई सरकार बन सकती है।

CM पद से हटने के बाद नीतीश कुमार लालू यादव के पड़ोसी बन जाएंगे। वह दिल्ली तो जा रहे हैं, लेकिन बिहार में अपना ठिकाना नहीं छोड़ेंगे।

7 सर्कुलर रोड आवास का इस्तेमाल अभी नीतीश कुमार ही कर रहे हैं। इसे CM ऑफिस के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है।

### नीतीश कुमार को पसंद है 7 सर्कुलर रोड बंगला

नीतीश कुमार को 7 सर्कुलर रोड बंगला पसंद है। 2014 लोकसभा चुनाव हारने के बाद उन्होंने CM पद छोड़ दिया था। जीतन राम मांझी को मुख्यमंत्री बनाया था। इसके बाद रहने के लिए 7 सर्कुलर रोड बंगले आ गए थे। इसी बंगले में रहते हुए नीतीश ने जीतन राम से मुख्यमंत्री की कुर्सी वापस ले ली थी। विधानसभा 2015 में जीत दर्ज की और मुख्यमंत्री बने थे। CM बनने के बाद नीतीश एक अणे मार्ग गए, लेकिन 7 सर्कुलर बंगला अपने पास बनाए रखा।

### कांग्रेस नेता की घर में घुसकर हत्या, 15 दिन पहले ही हुई थी शादी

**धारवाड़.** कर्नाटक के धारवाड़ में युवा कांग्रेस के एक नेता की अज्ञात हमलावरों ने उनके घर में घुसकर हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार को बताया कि मृतक की पहचान 32 वर्षीय फिरोज पठान के रूप में हुई है।

यह घटना शुक्रवार देर रात मालापुर इलाके में पठान के घर पर हुई, जिससे स्थानीय निवासियों में दहशत फैल गई। पुलिस के अनुसार, 4 अज्ञात हमलावर घर में घुसे और धारदार हथियारों से पठान पर हमला कर दिया। शहर के पुलिस आयुक्त एन शशिकुमार ने बताया कि पठान जब अपने घर में थे तो रात 9:30 से 10 बजे के बीच तीन-चार लोग वहां पहुंचे और उन हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस अधिकारी ने पत्रकारों से कहा, 'हमें संदिग्धों के बारे में कुछ सुराग मिले हैं जिनकी तलाश की जा रही है। आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं।'

# ईरान बोला- अमेरिका पर बिल्कुल भरोसा नहीं

- **कुछ देर में ईरान-US की मीटिंग होगी**
- **होर्मुज संकट के बीच अमेरिका जा रहे 60 खाली तेल टैंकर**

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने जर्मनी के समकक्ष योहान वाडेफुल से फोन पर कहा कि ईरान को अमेरिका पर बिल्कुल भरोसा नहीं है। मेहर न्यूज एजेंसी के मुताबिक उन्होंने कहा कि ईरानी डेलिगेशन को होने वाली बातचीत पर भी यकीन नहीं है।

अराघची ने कहा कि अमेरिका ने बार-बार अपने वादे तोड़े हैं और कूटनीति के साथ विश्वासघात किया है। यही वजह है कि ईरान उस पर भरोसा नहीं करता। उन्होंने कहा कि सरकार ईरानी जनता के हितों और अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी ताकत से लड़ेगी।



सीजफायर पर बातचीत के लिए अमेरिका और ईरान का डेलिगेशन पाकिस्तान पहुंच चुका है। अमेरिका का नेतृत्व उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और ईरानी डेलिगेशन की अगुआई संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ कर रहे हैं।

#### होर्मुज संकट के बीच अमेरिका जा रहे 60 खाली तेल टैंकर

होर्मुज स्ट्रेट में जारी रुकावट के बीच 60 से ज्यादा खाली बड़े तेल टैंकर (VLCC) अमेरिका के गल्फ कोस्ट की ओर जा रहे हैं। ये टैंकर दुनिया के अलग-अलग देशों के हैं। शिपिंग डेटा के मुताबिक, ये टैंकर वहां पहुंचकर अमेरिकी कच्चा तेल लोड करेंगे। हर एक टैंकर करीब 20 लाख बैरल तेल ले जा सकता है।

#### प्लेन में बच्चों की तस्वीरें रखकर पाकिस्तान पहुंचे गालिबाफ

गालिबाफ ने इस्लामाबाद पहुंचने के बाद एक्स पर एक फोटो शेयर की। इसमें विमान की सीटों पर चार बच्चों की तस्वीरें रखी हैं, जिनके साथ उनके खून से सने स्कूल बैग और जूते रखे हैं और फूल भी रखा है।

ईरानी शहर मिनाब में जंग के पहले ही दिन 28 फरवरी को एक प्राइमरी स्कूल पर हमला हुआ था, जिसमें 168 लोगों की मौत हुई थी। इनमें बच्चे और स्कूल का स्टाफ भी शामिल था।

# बेटी की लाश के साथ 4 महीने रहा पिता

**मेरठ.** मेरठ में एक पिता बेटी की लाश के साथ 4 महीने तक घर में रहा। लाश बुरी तरह से सड़ चुकी थी। बेटी टीचर थी, उसके साथ रहने की जिद में पिता उससे अलग नहीं होना चाहता था। वह लाश की बदबू छिपाने के उस पर परफ्यूम स्प्रे करता रहा। लड़की की पूरी बॉडी कंकाल बन चुकी थी, सिर्फ पैर ही बचा था।

घटना का पता उस समय चला जब घर पर रिश्तेदार पहुंचे। बदबू आने पर कॉल करके पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घर के एक कमरे से लाश बरामद की। बॉडी की हालत इतनी बदतर हो चुकी थी कि रिश्तेदार से लेकर पुलिस वाले और पड़ोसी उसे देख नहीं पा रहे थे। मामला सदर बाजार के तेली मोहल्ले का है।

मूलरूप से बंगाल के रहने वाले उदय भानु बिस्वास (76) काशी में शिक्षा विभाग में कार्यरत थे। बोर्ड ऑफिस में प्रशासनिक अधिकारी के पद पर तैनात थे। 2010 में रिटायर हुए थे। सदर के तेली मोहल्ले में खुद का छोटा-सा 2 कमरों का मकान है। अपनी बेटी प्रियंका बिस्वास (35) के साथ रहते हैं। पत्नी शर्मिष्ठा (59) की 13 साल पहले मौत हो चुकी है।

पतली सी गली में खुद का छोटा-सा मकान है। पड़ोस में कुछ रिश्तेदार रहते हैं, लेकिन उदय भानु किसी से न मिलते थे और न ही बेटी को मिलने देते थे। 1 दिसंबर 2025 को प्रियंका की बीमारी की वजह से मौत हो गई। अगले 5 दिन तक उदय भानु शव के साथ घर में ही रहा।




# विराट ने दिया वैभव सूर्यवंशी को ऑटोग्राफ, लिखा- वेलडन



- **बिश्नोई की बॉल पर कोहली बोल्ड**
- **RCB ने 37वीं बार 200+ स्कोर बनाया**

राजस्थान रॉयल्स ने IPL में लगातार चौथी जीत दर्ज की। टीम ने शुक्रवार को डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 6 विकेट से हरा दिया। गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में रोचक मोमेंट्स देखने को मिले।

वैभव सूर्यवंशी ने महज 15 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया और सिक्स लगाकर अपनी फिफ्टी पूरी की। वहीं, मैच खत्म होने के बाद विराट कोहली ने वैभव की राजस्थान रॉयल्स कैप पर ऑटोग्राफ दिया।

दूसरी ओर, विराट कोहली अच्छी शुरुआत के बाद रवि बिश्नोई की गेंद पर बोल्ड हो गए। रिकॉर्ड्स की बात करें तो RCB ने IPL में 37वीं बार 200 या उससे ज्यादा का स्कोर बनाया और



चेन्नई सुपर किंग्स की बराबरी कर ली।

RCB ने IPL में 37वीं बार 200+ का स्कोर बनाकर CSK की बराबरी कर ली है। अब दोनों टीमें इस लिस्ट में संयुक्त रूप से पहले नंबर पर हैं। तीसरे नंबर पर PBKS (33) है, जबकि MI (32) चौथे और KKR (30) पांचवें स्थान पर हैं।

- **संदीप शर्मा के 150 विकेट पूरे**

संदीप शर्मा ने 140 मैच में 150 विकेट पूरे कर लिए हैं। वह इस लिस्ट में छठे नंबर पर हैं। सबसे तेज 150 विकेट का रिकॉर्ड लसिथ मलिंगा (105 मैच) के नाम है, जबकि दूसरे नंबर पर हर्षल पटेल (117) और तीसरे नंबर पर जसप्रीत बुमराह (124) हैं।

- **रजत के 3 हजार IPL रन पूरे**

रजत पाटीदार ने 95 पारियों में 3000 T20 रन पूरे कर लिए हैं। वह इस लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं। सबसे तेज 3000 रन का रिकॉर्ड तिलक वर्मा (90 पारियां) के नाम है, जबकि दूसरे नंबर पर ऋतुराज गायकवाड़ (91) और तीसरे नंबर पर केएल राहुल (93) हैं।

- **RCB 7वीं बार 200+ रन बनाकर हारी**

RCB ने 200+ स्कोर बनाने के बाद 7वीं बार मैच गंवाया, जिससे वह PBKS के साथ संयुक्त रूप से पहले स्थान पर पहुंच गई है। CSK 6 हार के साथ तीसरे नंबर पर है, जबकि KKR (5) चौथे स्थान पर है।

- **आर्चर को पहली बॉल पर विकेट, सॉल्ट आउट**

जोफ्रा आर्चर ने मैच की पहली बॉल पर विकेट हासिल किया। उन्होंने फिल सॉल्ट को विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के हाथों कैच कराया।

सॉल्ट आर्चर की उछाल लेती लेंथ बॉल को संभाल नहीं सके और बॉल बल्ले के ऊपरी हिस्से में लगकर ऊपर चली गई। जिसे विकेटकीपर जुरेल ने आसानी से कैच किया।

### LPG सिलेंडर को लेकर बड़ी राहत

**नई दिल्ली.** देश में एलपीजी की किल्लत के बीच एक राहत वाली खबर है। भारत में कुल खपत की लगभग 60 फीसदी रसोई गैस का अब घर में ही उत्पादन होने लगा है ऐसे में आम लोगों को भी बड़ी राहत मिल सकती है। 40 दिन के इस युद्ध में दुनिया के कई देशों की हालत खराब हो गई। भारत में रसोई गैस की किल्लत जरूर हुई लेकिन ज्यादा दिनों तक अफरा-तफरी का माहौल नहीं रहा। कालाबाजारी पर रोक लगने के बाद लोगों के घरों तक सिलेंडर पहुंचने लगे।

पेट्रोलियम मिनिस्ट्री में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि राज्य सरकारों के सहयोग से अब पीएनजी पाइपलाइन का भी भी काम तेजी से चल रहा है। पिछले पांच सप्ताह में ही लगभग 4.41 लाख ने कस्टर रजिस्टर हुए हैं। उन्होंने कहा कि देश में एलपीजी की कमी नहीं है। कमर्शल सप्लाई बाधित हुई थी जो कि अब 70 फीसदी तक सुधर गई है। इसके अलावा अस्पतालों, शैक्षिक संस्थानों, होटल, ढाबा, फार्मा कंपननियों को प्राथमिकता के आधार पर सिलेंडर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। लोगों को रसोई गैस वितरकों से सीधे गैस सिलेंडर लेने के लिए हतोत्साहित किये जाने के बाद से देश में ऑनलाइन एलपीजी बुकिंग बढकर लगभग 98 प्रतिशत पहुंच गयी है। संवाददाता सम्मेलन में विभिन्न मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि देश में विद्युत प्रणाली मज़बूत, विविधीकृत और अल्पकालिक तथा दीर्घकालिक मांग आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त रूप से सक्षम है।

## संक्षेप...

### पॉश सोसायटी में घूमता दिखा तेंदुआ

**मुंबई.** महानगर के गोरेगांव पूर्व (दिंडोशी) स्थित रिहायशी और पॉश सोसायटी 'रहेजा हाइट्स' में एक तेंदुए की वजह से दहशत में हैं. बीते एक महीने के भीतर सोसायटी में तीसरी बार तेंदुए की एंट्री से हड़कंप मच गया है. मंगलवार तड़के करीब 3 बजे तेंदुआ सोसायटी के पार्किंग एरिया में शिकार की तलाश में बेखौफ घूमता हुआ सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है.

जंगल से निकलकर रहेजा सोसायटी अब इस तेंदुए का नया अड्डा बनती दिख रही है. 7 अप्रैल की इस घटना से पहले 17 और 18 मार्च को भी यहां तेंदुए की मौजूदगी दर्ज की गई थी. सोसायटी के सिक्योरिटी गार्ड ने बताया कि कुत्तों के लगातार भौंकने पर उसे शक हुआ था.

# ठाणे में जनगणना की प्रक्रिया शुरू

**ठाणे.** ठाणे म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन ने आने वाली जनगणना प्रोसेस के लिए बड़े पैमाने पर तैयारी शुरू कर दी है। इस बारे में, फील्ड ट्रेनर्स की फेज़्ड ट्रेनिंग और हाउस लिस्टिंग का पायलट इम्प्लीमेंटेशन शुरू हो गया है। एडिशनल कमिश्नर II, प्रशांत रोडे ने बताया कि यह प्रोसेस शहर के अलग-अलग वार्डों में प्लान के हिसाब से किया जा रहा है।



### नौ वार्ड कमेटियों के तहत कुल 78 फील्ड ट्रेनर्स अपॉइंट

इस काम के लिए, नौ वार्ड कमेटियों के तहत कुल 78 फील्ड ट्रेनर्स अपॉइंट किए गए हैं, जिनमें से 39 ट्रेनर्स को पहले सेशन में ट्रेनिंग दी गई। ट्रेनिंग सेशन 6 अप्रैल से 8 अप्रैल, 2026 तक सुबह 9 :00 बजे से शाम 6 :00 बजे के बीच माजीवाड़ा-मानपाड़ा, उथलसर, लोकमान्य-सावरकर और वर्तक नगर वार्ड में किए गए। इसके बाद, 9 अप्रैल से 11 अप्रैल, 2026 तक वागले एस्टेट, नौपाड़ा-कोपरी, कलवा, मुंब्रा और दिवा इलाकों के ट्रेनर्स को ट्रेनिंग दी जाएगी।

### जनगणना चेन असरदार तरीके से काम करेगी

इस सिलसिले में, उथलसर वार्ड में एक पायलट हाउस लिस्टिंग एक्सरसाइज की गई। इस पहल के ज़रिए, असल जनगणना के दौरान आने वाली चुनौतियों की पहचान करने और इस प्रोसेस को ज़्यादा कुशल और असरदार बनाने की कोशिश की जा रही है। ट्रेनिंग पूरी करने के बाद, ये फील्ड ट्रेनर अपने-अपने वार्ड में गिनती करने वालों और सुपरवाइज़रों को डिटेल में ट्रेनिंग देंगे। इससे यह पक्का होने की उम्मीद है कि पूरी जनगणना चेन असरदार तरीके से काम करे।

इस साल, जनगणना के लिए एक डिजिटल सिस्टम का इस्तेमाल किया जाएगा, और घरों की लिस्टिंग HLO (हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन) ऐप के ज़रिए की जाएगी। इस ऐप में घरों से जुड़े लगभग 33 सवाल रिकॉर्ड किए जाएंगे, जिसमें घर का मालिकाना हक, मालिक का नाम, घर का टाइप, और टीवी, रेफ्रिजरेटर, फ्लोरिंग, मोबाइल फोन वगैरह जैसी सुविधाओं की उपलब्धता जैसी डिटेल्स शामिल हैं। इसके अलावा, नागरिकों की सुविधा के लिए, 1 मई से 15 मई तक खुद से गिनती करने की सुविधा भी मिलेगी। नागरिक जनगणना पोर्टल पर लॉग इन करके अपनी जानकारी भर सकते हैं। सबमिट करने के बाद, हर नागरिक को एक यूनिक कोड मिलेगा, जो उन्हें घर की लिस्टिंग प्रोसेस को पूरा करने के लिए अपने घर आने वाले गिनती करने वाले को देना होगा।

खुद से गिनती करने के बाद, असली जनगणना का काम 16 मई से शुरू होगा। इस दौरान, गिनती करने वाले लोग घरों में जाकर जानकारी वेरिफ़ाई करेंगे और इकट्ठा करेंगे। कुल मिलाकर, ठाणे नगर निगम जनगणना के काम को ज़्यादा ट्रांसपेरेंट, सही और टेक्नोलॉजी वाला बनाने के लिए ठोस कदम उठा रहा है। जनगणना विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर और नोडल ऑफ़िसर सचिन बोरसे ने भरोसा जताया कि लोगों की एक्टिव हिस्सेदारी से यह कैंपेन सफल होगा।

# डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर जयंती उत्सव मंडल पुरस्कृत

### सिद्धार्थ मित्रा ग्रुप को पहला स्थान

**भिवंडी.** भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की जयंती मनाने वाले मंडलों के लिए पुलिस के दिए गए नियमों और निर्देशों का पालन करना ज़रूरी है। जुलूस में शामिल होने वाली गाड़ियां अच्छी तरह से तैयार होनी चाहिए, बाबासाहेब की दी गई आदर्श शिक्षाओं को ध्यान में रखते हुए त्योहार में परफॉर्मेंस पेश की जानी चाहिए, जुलूस में कोई भी किसी भी तरह का गलत काम न करे, और सभी को नियमों का पालन करना चाहिए, ऐसी अपील ठाणे के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त विनायक देशमुख ने भिवंडी में आयोजित कार्यक्रम में की.

साल 2025 में, भारत रत्न बाबासाहेब अंबेडकर जयंती उत्सव भिवंडी में बड़े जोश के साथ मनाया गया। जश्न के मौके पर अनुशासित जुलूस और सबसे अच्छा परफॉर्मेंस देने वाले मंडलों को अवॉर्ड देने के लिए एक कार्यक्रम ठाणे पुलिस परिमंडल-2 कार्यालय ने बुधवार शाम को भिवंडी के ओसवाल कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ठाणे के एडिशनल पुलिस कमिश्नर विनायक देशमुख, भिवंडी के डिप्टी पुलिस कमिश्नर शशिकांत बोराटे, म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के एडिशनल कमिश्नर विठ्ठल डाके, असिस्टेंट पुलिस कमिश्नर विजय मराठे, ACP अशोक होनमाने, सभी सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर, सम्मानित नागरिक, महिला सेक्शन और मंडल के पदाधिकारी थे।

# कोन में 119 दिव्यांग भाइयों को निधि वितरित

### कोन ग्राम पंचायत की एक सराहनीय पहल

**भिवंडी.** ग्राम पंचायत कोन की सीमा में 119 रजिस्टर्ड दिव्यांग भाइयों को दिव्यांगता निधि का वितरण उत्साह और अनुशासन के साथ किया गया। उल्लेखनीय है कि यह फंड ग्राम पंचायत के 5 प्रतिशत रिज़र्व फंड से दिया गया है, और यह पहल हर साल नियमित रूप से लागू की जाती है।

समाज के कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण के लिए ग्राम पंचायत द्वारा की गई यह पहल दिव्यांग भाइयों के लिए एक बड़ा सहारा बन रही है। यह निधि उन्हें अपनी रोज़मर्रा की ज़रूरतों को पूरा करने और आत्मनिर्भर बनने में मदद कर रहा है।

इस कार्यक्रम में उप सरपंच दीपाली कराले, ग्राम विकास अधिकारी मनीष महाजन और ग्राम पंचायत सदस्य विनोद हेंदर म्हात्रे, कविता गोरक्ष भगत, मधु चंद्रकांत म्हात्रे, रेखा दीपक मुकदम, रजनी कमलाकर नाइक शामिल हुए। इसके अलावा, सामाजिक कार्यकर्ता नीलेश मुकदम भी मौजूद थे और उन्होंने इस पहल के महत्व पर प्रकाश डाला।

प्रोग्राम की शुरुआत में, दिव्यांग भाइयों से बातचीत करने के बाद, सभी 119 लाभार्थियों को निधि वितरित की गई. सरपंच रेखा पाटिल ने कहा कि ग्राम पंचायत के फंड का 5 परसेंट हर साल दिव्यांग भाइयों की मदद के लिए इस्तेमाल किया जाता है। हमारा मेन मकसद उनका सम्मान करना और उन्हें इज्ज़त से जीने देना है।" डिप्टी सरपंच दीपाली कराले ने भी भविष्य में इस पहल को और मज़बूती देने का इरादा जताया।

ग्राम विकास अधिकारी मनीष महाजन ने सरकार की अलग-अलग स्कीमों के बारे में जानकारी दी और दिव्यांग भाइयों से उनका ज़्यादा से ज़्यादा फ़ायदा उठाने की अपील की।

इस मौके पर, सद्भावना दिव्यांग सेवा मंडल के अध्यक्ष राजेश पाटिल ने ग्राम पंचायत का दिल से शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत का हर साल फंड के 5 परसेंट से दिव्यांग भाइयों की मदद करना बहुत तारीफ़ की बात है। इससे न सिर्फ़ दिव्यांग भाइयों को फाइनेंशियल सपोर्ट मिलता है, बल्कि समाज में उनका कॉन्फिडेंस भी बढ़ता है। ऐसी पहल उन्हें मेनस्ट्रीम में लाने में मदद करती हैं।"

फंड मिलने के बाद सभी लाभार्थियों ने खुशी जाहिर की और ग्राम पंचायत प्रशासन को धन्यवाद दिया। ग्राम पंचायत कोन की यह पहल सोशल कमिटमेंट का एक अच्छा उदाहरण है और दूसरी ग्राम पंचायतों के लिए भी इंस्पायरिंग है। यह पहल दिखाती है कि ग्राम पंचायत गांव के पूरे डेवलपमेंट के लिए लगातार कोशिश कर रही है।

### मुंबई धमाका : आरोपियों को 15 साल बाद जमानत

**मुंबई.** मुंबई की एक विशेष अदालत ने वर्ष 2011 के मुंबई ट्रिपल बम धमाकों के आरोपी नकी अहमद शेख और हारून नायक को जमानत दे दी है। दोनों आरोपी पिछले 15 वर्षों से जेल की सलाखों के पीछे थे। मामले की सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश सत्यनारायण आर नवंदर ने संविधान के अनुच्छेद 21 का हवाला दिया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी आरोपी को अनिश्चितकाल के लिए जेल में नहीं रखा जा सकता, खासकर तब जब मुकदमा खत्म होने के आसार जल्द नजर न आ रहे हों। अदालत ने कहा कि 'त्वरित सुनवाई' का अधिकार केवल कानून की किताबों में लिखने के लिए नहीं है, बल्कि इसे धरातल पर उतारना भी जरूरी है।

# फायर विभाग को मिली हाईटेक गाड़ियां

### मेयर ने किया अत्याधुनिक गाड़ियों और मशीनों का उद्घाटन



### सफाई के लिए मॉडर्न रोड स्वीपर मशीनें

शहर की सड़कों की सफाई को बेहतर बनाने के लिए चार मैकेनिकल रोड स्वीपर मशीनें भी शामिल की गई हैं। इन मशीनों का उद्देश्य सड़कों को धूलमुक्त रखना, सफाई के आधुनिक मानक स्थापित करना और मैनुअल सफाई पर निर्भरता कम करना है।

**ठाणे.** ठाणे महानगरपालिका के फायर, सॉलिड वेस्ट और गार्डन विभागों को आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए नई अत्याधुनिक गाड़ियों और मशीनों का उद्घाटन मेयर शर्मिला पिंपलोलकर ने किया।

मुख्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न दलों के नगरसेवकों और वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही। मेयर ने बताया कि फायर विभाग में आर्टिकुलेटिंग वॉटर टावर जैसी आधुनिक गाड़ियां शामिल की गई हैं, जो पूरी तरह ऑटोमैटिक हैं और 4000 लीटर पानी क्षमता के साथ 35 मीटर ऊंचाई तक आग बुझाने में सक्षम हैं। इससे आपातकालीन सेवाओं को और तेज व प्रभावी बनाया जा सकेगा।

### गार्डन विभाग को हाइड्रोलिक एरियल लिफ्ट

गार्डन विभाग को खतरनाक और ऊंचे पेड़ों की छंटाई के लिए हाइड्रोलिक एरियल लिफ्ट दी गई है। यह उपकरण पारंपरिक सीढ़ियों की तुलना में अधिक सुरक्षित है और पेड़ों की शाखाओं को तेजी से काटने में सहायक होगा। मेयर पिंपलोलकर ने कहा कि इन नई सुविधाओं से मानसून से पहले शहर में इमरजेंसी सेवाओं, सड़क सफाई और पेड़ों की छंटाई के कार्यों में तेजी आएगी। उन्होंने भरोसा जताया कि इससे नागरिकों को बेहतर और सुरक्षित सेवाएं मिलेंगी।

# ठाणे के कोपरी फ्लाईओवर पर बड़ी दुर्घटना

**ठाणे.** विकास के इस दौर में सुरक्षा का ध्यान रखना शासन-प्रशासन का दायित्व होता है, लेकिन स्थिति इसके बिल्कुल विपरीत दिखाई दे रही है। मुंबई में फ्लाईओवर निर्माण के दौरान हो रहे हादसों का सिलसिला थम नहीं रहा है। गत १४ फरवरी को मुंबई के मुलुंड के एलबीएस रोड पर निर्माणाधीन मेट्रो लाइन-४ का एक गर्डर (पैरापेट स्लैब) गिरने से ऑटो-रिक्शा चालक सहित २ लोगों की मौत और 3 अन्य घायल हुए थे। इस हादसे का दर्द अभी कम ही नहीं हुआ था कि कल फिर ठाणे के कोपरी फ्लाईओवर पर



हाइड्रोलिक क्रेन गिर गई। हालांकि, इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन इस वजह से ठाणे और मुंबई के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

साकेत एलिवेटेड रोड के निर्माणाधीन कार्य में लगी यह भारी मशीनरी कथित तौर पर परिचालन समय के दौरान पलट गई, जिससे मुंबई की ओर जाने वाले मार्ग का एक बड़ा हिस्सा अवरुद्ध हो गया। अचानक हुए इस हादसे से इलाके में दहशत पैल गई। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में कोई हताहत या घायल नहीं हुआ। हालांकि, मुख्य सड़क पर विशाल क्रेन के गिरने से वाहनों का आवागमन लगभग दो घंटों तक ठप रहा, जिससे सैकड़ों वाहन बीच सड़क पर घंटों तक फंसे रहे।

इस घटना के चलते ठाणे शहर में कई किमी तक भारी जाम लग गया। व्यस्त समय में यात्रा करने वाले यात्रियों को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ी। ठाणे ट्रैफिक पुलिस और संबंधित अधिकारियों को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया और कुछ घंटों बाद बड़ी मशक्कत के साथ यातायात बहाल किया गया। लेकिन इस तरह की घटना मुंबईकरों की सुरक्षा पर सवाल खड़ा करता है। मुंबईकर वाहन चालक विनोद जाधव ने कहा कि निर्माण कार्य के दौरान इस तरीके की लापरवाही यात्रियों के लिए घातक है। निर्माण कार्य स्थल पर सुरक्षा मानकों की कमी होना प्रशासन की घोर लापरवाही दर्शाता है। लगता है कि सरकार को आम नागरिकों की जान की कोई परवाह नहीं है।

# RTI 25 परसेंट एडमिशन प्रोसेस ठाणे जिले में लॉटरी से 10,578 बच्चे चुने गए

**ठाणे.** बच्चों के मुफ़्त और ज़रूरी शिक्षा का अधिकार एक्ट 2009 के सेक्शन 12 (1) (a) के मुताबिक, सेल्फ़-फ़ाइनेंस्ड अनएडेड (माइनॉरिटी स्कूलों को छोड़कर) स्कूलों में एंट्री लेवल क्लास में 25 परसेंट सीटें रिज़र्व की गई हैं। क्लास I से VIII तक पिछड़े ग्रुप और कमज़ोर तबके के बच्चों को मुफ़्त शिक्षा देने के लिए, राज्य सरकार हर साल आरटीई के तहत 25 परसेंट ऑनलाइन एडमिशन प्रोसेस लागू करती है।एकेडमिक साल 2026-27 के लिए, ठाणे जिले के पाँच तालुका और छह म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन में आरटीई 25 परसेंट एडमिशन के लिए 10 अप्रैल 2026 को राज्य लेवल पर लॉटरी प्रोसेस हुआ था। इस प्रोसेस (रेगुलर सिलेक्शन) में ठाणे ज़िले से कुल 10,578 एप्लीकेशन चुने गए हैं।चुने गए बच्चों के एडमिशन की आखिरी तारीख 20 अप्रैल 2026 है।

# अक्षय कुमार की झलक पाने को बेकाबू हुई भीड़

### ग्रेटर नोएडा के मॉल में एस्केलेटर पर चढ़े लोग

बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार इन दिनों अपनी अपकमिंग हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' के प्रमोशन में जुटे हुए हैं। इसी सिलसिले में वह राजपाल यादव और वामिका गब्बी के साथ ग्रेटर नोएडा के गौर सिटी मॉल पहुंचे। यहां उन्हें अपनी अपकमिंग फिल्म का प्रमोशन करना था, लेकिन वहां जो नजारा उनके पहुंचने से बना उसने सबको हैरान कर दिया। अक्षय कुमार की एक झलक पाने के लिए मॉल में इतनी भारी भीड़ जमा हो गई कि देखते ही देखते हालात बेकाबू हो गए। वहां मौजूद सिक्योरिटी भीड़ को संभालने में फेल हो गई और एक रूटीन प्रमोशनल इवेंट ने भगदड़ जैसी सिचुएशन का रूप ले लिया।

सोशल मीडिया पर गौर सिटी मॉल के कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। इस वीडियोज में मॉल के अंदर हर तरफ फैंस ही फैंस नजर आ रहे हैं। भीड़ इतनी ज्यादा थी कि लोगों को खड़े होने तक की जगह नहीं मिल रही थी। अक्षय को देखने के लिए कई फैंस मॉल के एस्केलेटर की रेलिंग पर ही चढ़ गए ताकि वे ऊपर के फ्लोर से एक्टर को देख सकें। ग्राउंड फ्लोर पर जहां अक्षय मौजूद थे, वहां भीड़ के दबाव के कारण बैरिकेड्स भी टूट गए और लोग आगे की तरफ दौड़ने लगे। इस हंगामे के बीच भी अक्षय कुमार काफी शांत नजर आए और उन्होंने फैंस के साथ अपना इंटरेक्शन जारी रखा।



### लंबे वक्त बाद लौट रही है प्रियदर्शन-अक्षय की जोड़ी

बता दें कि 'भूत बंगला' के जरिए अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की जोड़ी लंबे वक्त बाद बड़े पर्दे पर लौट रही है। फिल्म में अक्षय के साथ तब्बू, वामिका गब्बी, परेश रावल और राजपाल यादव भी नजर आएंगे। इस फिल्म का ट्रेलर पहले ही रिलीज किया जा चुका है और इसे लेकर सोशल मीडिया पर काफी बज बना हुआ है। इससे पहले अक्षय कुमार की हॉरर कॉमेडी फिल्म 'भूल भुलैया' ब्लॉकबस्टर हिट साबित हुई है, इसके सीक्वल अभी तक रिलीज हो रहे हैं। लेकिन देखना यह है कि क्या यह फिल्म भी वही कमाल कर पाएगी।

# स्कूलों में सिखाई गई ट्रैफिक सेफ्टी

### ठाणे में टीचरों के लिए अनोखी वर्कशॉप

**ठाणे.** बढ़ते ट्रैफिक जाम और सड़क हादसों को देखते हुए, महाराष्ट्र पुलिस डिपार्टमेंट (होम डिपार्टमेंट) और एजुकेशन डिपार्टमेंट की मिली-जुली पहल से स्कूली स्टूडेंट्स में अनुशासन, सुरक्षा और ज़िम्मेदार नागरिक होने की भावना जगाने के लिए एक ज़रूरी कदम उठाया गया है। ठाणे डिवीज़न के टीचरों के लिए एक खास ट्रेनिंग वर्कशॉप रखी गई है, जिसका मकसद हर स्कूल और जूनियर कॉलेज में 'रोड ट्रैफिक सेफ्टी फोर्स और सिविल डिफेंस टीम' बनाना है। ठाणे के ट्रैफिक कंट्रोल रूम में 15 से 22 अप्रैल, 2026 तक होने वाली इस पहल से ट्रैफिक सेफ्टी के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ेगी।स्कूली ज़िंदगी में ही स्टूडेंट्स में रोड सेफ्टी के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए, ठाणे पुलिस कमिश्नर आशुतोष डुंबरे, जॉइंट कमिश्नर डॉ. ज्ञानेश्वर चव्हाण और एजुकेशन डिपार्टमेंट की पहल पर एक 'रोड सेफ्टी एंड इमरजेंसी मैनेजमेंट (RSP)' टीचर ऑफिसर ट्रेनिंग कैंप लगाया गया है। ठाणे डिवीज़न के हर स्कूल से कम से कम एक टीचर इस वर्कशॉप में हिस्सा लेंगे। इस खास ट्रेनिंग में सुबह और शाम ग्राउंड पर परेड, ट्रैफिक रेगुलेशन के साथ-साथ इंटरनल सेशन के ज़रिए डिज़ास्टर मैनेजमेंट, सिविल डिफेंस, फर्स्ट एड, फायरफाइटिंग पर गहराई से गाइडेंस दी जाएगी। यह ट्रेनिंग स्टूडेंट्स में डिसिप्लिन, लीडरशिप क्वालिटी और सोशल कमिटमेंट डेवलप करने में ज़रूरी होगी।यह कैंप डिप्टी कमिश्नर ऑफ़ पुलिस (ट्रैफिक) पंकज शिरसाट के गाइडेंस में और डिवीज़नल कोऑर्डिनेशन ऑफिसर दिलीप स्वामी और मणिलाल शिम्पी की लीडरशिप में होगा। ट्रेनिंग के दौरान पार्टिसिपेंट्स के लिए लंच का इंतज़ाम किया गया है। एजुकेशन ऑफिसर देवीदास महाजन ने सभी स्कूलों से अपील करते हुए कहा, "हर स्कूल में एक रोड सेफ्टी फोर्स और एक सिविल डिफेंस टीम होना ज़रूरी है। इससे स्टूडेंट्स में ट्रैफिक नियमों के बारे में अवेयरनेस आएगी और एक्सीडेंट कम करने में मदद मिलेगी।" इस ट्रेनिंग के लिए रजिस्ट्रेशन फीस है, और टीचर्स को अपने खर्चे पर यूनिफॉर्म और ज़रूरी सामान खरीदना होगा। इसके मुताबिक, लगभग 120 स्कूलों के टीचर्स के हिस्सा लेने की उम्मीद है।

### आज का स्टूडेंट, कल का जागरूक नागरिक



ट्रैफिक पुलिस उपायुक्त पंकज शिरसाट ने बताया कि बढ़ते ट्रैफिक की वजह से एक्सीडेंट होने की संभावना रहती है। इसलिए, इस तरह की पहल के तहत, स्टूडेंट्स को ट्रैफिक कंट्रोल, रोड ड्रिल, फायरफाइटिंग, सिविल डिफेंस, फर्स्ट एड और डिजास्टर मैनेजमेंट में गहरी शिक्षा और प्रैक्टिकल ट्रेनिंग दी जाएगी। इससे स्टूडेंट्स में सेल्फ-डिसिप्लिन, लीडरशिप क्वालिटी, सेवा करने का रवैया और देश को एक करने की भावना मजबूत होती है। टीचर्स और ट्रेंड स्टूडेंट्स मिलकर नेशनल रोड सेफ्टी वीक, अलग-अलग नेशनल सेरेमनी, धार्मिक त्योहारों और लोकल त्योहारों में एक्टिव योगदान देंगे।

# APMC मार्केट में चावल की बोरियों के नीचे दबी महिला

### लोगों ने सुरक्षित निकाला

**नवी मुंबई.** नवी मुंबई के वाशी इलाके में स्थित एग्रीकल्चरल प्रोड्यूस मार्केट कमिटी के गोदाम में कुछ साल पहले एक डरावना हादसा हुआ था, जिसका सीसीटीवी वीडियो अब दोबारा सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में एक महिला अनाज के बोरे गिरने से दब गई थी, जिसे उसके साथी कामगारों ने मात्र 30 सेकंड में बचाकर जान बचा ली।

सौभाग्य से गोदाम में मौजूद मठाड़ी कामगारों ने तुरंत घटना को देख लिया। वे बिना समय गंवाए दौड़े और बोरे हटाने लगे। उनकी तेजी और टीम वर्क की बदौलत महिला को मात्र 30 सेकंड में बोरे के ढेर से निकाल लिया गया। मठाड़ी कामगारों की त्वरित कार्रवाई ने महिला की जान बचा ली। अगर वे कुछ सेकंड भी देर करते तो स्थिति गंभीर हो सकती थी। सोशल मीडिया यूजर्स उनकी बहादुरी और तेज सोच की सराहना कर रहे हैं। कई लोगों ने लिखा कि आपातकाल में तुरंत मदद करना कितना जरूरी है।






### आम सूचना

मैं श्री किशन कन्हैयालाल चांडवानी सभी को सूचित कर रहा हूं कि बैरक नं. 575 के पास, रुम नं. 1, आन प्लाट, उल्हासनगर- 2 (टैक्स नं. 19बीआय008381400) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती राजकुमारी कन्हैयालाल चांडवानी व श्रीमती गायत्री मोहनदास नानकानी अल्यास लछमी कन्हैयालाल चांडवानी के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 8.4.2026 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री किशन कन्हैयालाल चांडवानी**

### आम सूचना

मैं श्रीमती दृष्टी नारायण रूपराज सभी को सूचित कर रही हूं कि साई आत्मा अपार्टमेंट, 4था माला, बैरक नं. 343, रुम नं. 1, ई नं. 430, शीट नं. 71, सेक्शन 8-ए, उल्हासनगर- 2. (टैक्स नं. 21बीआय018213700) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती चंद्री विशिनदास लोहाना (होल्डर) के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 17.6.2024 सी.नं. 895 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती दृष्टी नारायण रूपराज**

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099